# सिंधिया ने सूर्या रोशनी के वायर और केबल्स प्लांट का किया उद्घाटन





**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर 13 अक्टूबर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भिंड के मालनपुर स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड के नए वायर और केबल्स प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने इस औद्योगिक परियोजना को केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य में स्थायी परिवर्तन की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह क्षण साझा सपनों, उम्मीदों और सामूहिक प्रयासों की परिणति है, जो युवाओं के कौशल को निखारने के नए आयाम खोलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से देश में नये औद्योगिकीकरण युग की शुरूआत हुई है और खुशी इस बात की है कि हम स्वदेशी तकनीक अपनाकर लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

सिंधिया ने सूर्या रोशनी लिमिटेड की यात्रा को दूरदृष्टि, परिश्रम और समर्पण की प्रेरक गाथा बताया । उन्होंने कहा कि वर्ष 1973 में स्वर्गीय बी.डी. अग्रवाल ने गुणवत्ता और विश्वास का प्रतीक बनने का सपना देखा । उन्होंने स्मरण किया कि वर्ष 1992 में, उनके पूज्य पिताश्री महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधिया के मार्गदर्शन से ही भिंड जिले के मालनपुर में इस लाइटिंग प्लांट की स्थापना हुई थी । केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उस समय उनके पिताजी ने इस क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार और विकास के नए अवसर सुनिश्चित किए थे। आज, तीन प्लांट और 2700 से अधिक कर्मचारियों की संख्या वाला सूर्या रोशनी का यह सफर यह दिखाता है कि लाभ के साथ लोकहित को भी समान महत्व दिया गया है। केन्द्रीय मंत्री ने मालनपुर प्लांट को स्वदेशी आत्मनिर्भरता की भावना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह प्लांट एलईडी बल्ब, ट्यूबलाइट, स्ट्रीट लाइट और कैप जैसे उत्पाद बना रहा है, जिन्हें कभी विदेशों से आयात करना पड़ता था, यही वोकल फॉर लोकल की सच्ची भावना है। उन्होंने कहा कि नई केबल और वायर्स उत्पादन इकाई की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का साकार रूप है। कभी ट्यूबलाइट से शुरु हुआ यह सफर आज एलईडी उत्पादन के वटवृक्ष में रूपांतरित हो चुका है।

सिंधिया ने बताया कि इस नई इकाई से ग्वालियर-चंबल संभाग के 150 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा, स्थानीय उद्योगों को कच्चा माल मिलेगा और मालनपुर एक सशक्त औद्योगिक और नवाचार केंद्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि यह प्लांट उस सोच का प्रतीक है जो कहती है कि हम भारत में बनाते हैं, भारत के लिए बनाते हैं, और विश्व को दिखाते हैं कि भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ रहा है। सिंधिया ने क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वाबलंबन के आयामों को उल्लेख करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में सिलाई केंद्र और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, जिसका जीवंत उदाहरण 200 महिलाओं को रोजगार देने वाला पीसीबी प्लांट है। उन्होंने कहा कि यह नई परियोजना युवाओं और महिलाओं दोनों के लिए नए अवसर पैदा करेगी, जो निवेश, प्रौद्योगिकी और सामाजिक प्रतिबद्धता का संगम है। उन्होंने आह्वान किया कि सब मिलकर इस प्रगति को आगे बढ़ाएं, ताकि मालनपुर और ग्वालियर-चंबल संभाग आत्मनिर्भर भारत की नई पहचान बन सकें।

इस मौके पर निदेशक कौस्तुभ एन. करमरकर ने कहा कि मालनपुर का वायर एंड केबल प्लांट अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति से युक्त है, जो उच्च गुणवत्ता वाले अंतिम उत्पाद तैयार करने के लिये पूरी तरह से एकीकृत है। यह प्लांट क्षेत्र में रोजगार और व्यवसाय को बढ़ावा देगा। वहीं सूर्या रोशनी लिमिटेड के सीईओ लाइटिंग एवं कंज्यूमर डयूरेबल्स वसुमित्र पांडे ने कहा कि मालनपुर वायर्स एवं केबल्स प्लांट, विनिर्माण उत्कृष्टता और ग्राहक विश्वास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह सूर्या के उत्पाद पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा और साथ ही इस क्षेत्र के विकास में भी सहायक होगा। पांडे ने अंत में आभार भी प्रदर्शित किया। इस सूर्या यूनिट के स्थानीय प्रमुख तपन बंदोपध्याय, एचआर प्रशासनिक उपाध्यक्ष मुकुल चतुर्वेदी व मुकुल राय भी उपस्थित थे।

### केबल प्लांट का भी किया दौरा

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने प्लांट के उदघाटन के बाद फैक्ट्री का दौरा भी किया। इस दौरान उन्होंने तार बनाने वाली मशीनों एवं जगह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिंधिया ने फैक्ट्री प्रांगण में स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने श्रमिकों से संवाद कर उनके साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में हर संभव योगदान देने का आह्वान किया।

# स्वदेशी विचार के साथ सूर्या के नए उत्पाद : वसुमित्र



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 13 अक्टूबर।** सूर्या रोशनी के लाइटिंग एवं कंज्यूमर डयूरेबल्स के सीईओ वसुमित्र पांडे ने कहा है कि देश की टाप टेन कंपनियों में से एक सूर्या रोशनी अपने नये नये उत्पादों के विस्तार के लिये अग्रसर है। वायर और केबल्स के बाद शीघ्र ही एमसीबी एवं अन्य प्रोजेक्टों का भी निर्माण शुरू शुरू किया जायेगा। हमारी प्राथमिकता है कि बिजली बिल कैसे कम आये और पर्यावरण तथा प्रकृति का संरक्षण के नियमों का शत प्रतिशत पालन हों।

सोमवार को वायर फैक्ट्री के शुभारंभ के बाद वसुमित्र पांडे ने कहा कि सूर्या रोशनी ने इस बार बड़ा लक्ष्य लेकर 1800 करोड़ रूपये का निवेश किया है। जिसमे 500 करोड़ रूपये अकेले मध्यप्रदेश का है।

अन्य राज्यों की अपेक्षा मध्यप्रदेश और वह भी ग्वालियर चंबल संभाग में प्राथमिकता से काम किया जा रहा है। 500 करोड़ रूपये खर्च करने के बाद बाजारों में सप्लाई शुरू की है। शीघ्र ही लोगों के बीच घरेलू बाजार और केबल्स अपनी पहचान बना लेगी, क्योंकि ग्वालियर में बीते 30 सालों से काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि सूर्या रोशनी बिजली से संबंधित उत्पादों का उत्पादन ही नहीं कर रही है।

बल्कि पूरे प्रदेश में 120 गांव गोद लिये है। जिसके माध्यम से माता बहनों को स्वरोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सूर्या रोशनी का प्रयास है कि सूर्य की रोशनी की तरह लोगों के जीवन में नया उजाला तथा जीवन में जगमगाहट आ जाये। पत्रकारवार्ता में सूर्या यूनिट के स्थानीय प्रमुख तपन बंदोपध्याय, एचआर प्रशासनिक मुकुल राय उपस्थित थे।

# बाड़े पर गूंजे अमिताभ-किशोर के गीत

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 अक्टूबर।** ग्वालियर-संगीत की



नगरी ग्वालियर का ऐतिहासिक महाराज बाड़ा रविवार की शाम संगीत की मधुर धुनों से गूंज उठा, जब प्रेमचंद मेमोरियल एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित पाखी इवेंट एंड म्यूजिकल ग्रुप ने फिल्म जगत के महानायक अमिताभ बच्चन के जन्मदिन और सुरों के सम्राट किशोर कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य कार्यक्रम च्एक शाम अमिताभ और किशोर के नामज्ञ का आयोजन किया। केशव पांडेय, ग्रुप डायरेक्टर सुनील जैन व रेखा जैन, समाजसेवी मीनू परिहार, वंदना भोंसले, म्यूजिक डायरेक्टर हरीश बत्रा और गायक बबलू भोंसले द्वारा किया गया।

जगमग रोशनी से सजे महाराज बाड़े पर आयोजित इस संगीतमय शाम में ओ साथी रे, कभी कभी मेरे दिल मे, जीवन के दिन छोटे सही, रिमझिम गिरे सावन जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों से महाराज बाड़ा गूंज उठा।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह अंतर्गत सेमिनार आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 13 अक्टूबर।** रेलवे स्टेशन सी. डी.ओ. मीटिंग हाल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सतर्कता विभाग द्वारा तैयार पी.पी.टी. को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। सेमिनार में कुल 28 लिपिकीय संवर्ग एवं अन्य कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। सेमिनार में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई जैसे शिकायतों का शीघ्र निपटारा, लंबित मामलों का समयबद्ध समाधान, क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, संपत्ति प्रबंधन में सुधार, डिजिटल पहल और तकनीकी नवाचार आदि

कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह कंसाना (ष्टद्ध. स्×ड्ड्ढ), कैलाश मर्सकोले (ष्टद्ध. स्×ड्ड्ढ), मनोज शर्मा(ष्टद्ध.स्×ड्ड्ढ) सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सेमिनार में रेलवे की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और उत्तरदायित्व के महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई, साथ ही सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

# अभियान जनता के मताधिकार और लोकतंत्र की रक्षा के लिए : डॉ. गोविंद सिंह

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 अक्टूबर।** ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल के मार्गदर्शन में वोट चोर - गद्दी छोड़ राष्ट्रव्यापी हस्ताक्षर अभियान

**जनता के सामने वोट चोरी की पोल खुल गई है : महेश जाटव**

की अभियान के भिण्ड जिला प्रभारी महेश जाटव, जिला सह - प्रभारी अरविंद यादव (हैबदपुरा) एवं कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी व



जिला सह- प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से भिंड जिले विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर का दौरा कर जिले के रौन, मिहोना, लहार, मौ, गौहद, मेहगांव, ऊमरी, अटेर क्षेत्र में विधानसभा प्रभारियों व सह- प्रभारियों, ब्लॉक प्रभारियों व सह-प्रभारियों एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर हस्ताक्षर अभियान की समीक्षा कर अभियान में तेजी लाने हेतु चर्चा की ।

अभियान के जिला प्रभारी व सहप्रभारीयों ने लहार में मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह से लहार में उनके निवास पर पहुंच कर हस्ताक्षर अभियान के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की तथा उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया । डॉ. गोविंद सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हस्ताक्षर अभियान में तेजी लाने हेतु कहा। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनता के मताधिकार और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है।

अभियान के जिला प्रभारी महेश जाटव ने विधानसभा एवं ब्लॉक प्रभारीयों व सहप्रभारीयों, क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं, ग्रामवासियों एवं आम नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा चलाए गए वोट चोर - गद्दी छोड़ अभियान से भाजपा के द्वारा वोट चोरी कर बनाई गई सरकार की जनता के सामने वोट चोरी करने की पोल खुल गई है।

**लहार :** जनपद अध्यक्ष लहार मानवेन्द्र सिंह मोंटी, उपाध्यक्ष नगर परिषद रौन मेवालाल बघेल, नगर परिषद अध्यक्ष लहार कमला नारोजी पार्षद सतेंद्र सिंह राजू ,सरपंच अंगद यादव, पूर्व सरपंच हरिचरण बघेल, पूर्व जनपद सदस्य सुखदीन बघेल, इसाद खांन, मेहंगाव- हरिओम सिंह भदौरिया, रामबरन सिंह नरवरिया, रामवीर सिंह नरवरिया आदि ने आमजनता से मुलाकात की।

# यह राजनीति नहीं, लोकतंत्र की रक्षा का अभियान : गुर्जर

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 13 अक्टूबर।** अटेर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के देशव्यापी निर्देशन तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रदेशीय नेतृत्व में पूरे भारत ओर प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा बही अटेर विधानसभा क्षेत्र में पावई ब्लॉक कांग्रेस द्वारा ग्राम बघेड़ी, मुरलीपूरा, गाडूपुरा, गौहरकला, मसूरी, पिपरी, ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं ने बोट चोर गद्दी छोड़ वाले बैनर पर बड़ी संख्या



में एकत्रित होकर बोट चोरी के विरोध में हस्ताक्षर करके राहुल गांधी के इस अभियान का समर्थन किया प्रदेश कांग्रेस विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर ने संबोधित करते कहा देश एवं प्रदेश में संविधान विरोधी ताकते बोट चोरी के दम पर सत्ता पर काबिज होकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है उन्होंने कहा सरकार के इशारे पर देश, प्रदेश के विधानसभाओं में बड़ी तादात में फर्जी बोट बढ़ाए गए जिससे आने वाले चुनावों में बोट चोरी की जा सके इस जिस प्रकार पूरे देश में राहुल गांधी ने बोट चोर गद्दी छोड़ का संदेश दिया है।

इस अवसर पर अटेर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर, सुशील नरवरिया, बलराम सिंह यादव, लक्ष्मन गुर्जर, प्रदीप गुर्जर, बच्चू बघेल, मनोज लोधी, अजमेर सिंह, नरवरिया ,राजा गुर्जर, नवल श्रोती, सहवीर यादव, रामकुमार शर्मा, धर्म वीर यादव, छोटे लाल श्रोती, मोहर सिंह गुर्जर, रामपाल भदौरिया, पंकज लोधी आदि उपस्थित रहे।

# स्वदेशी आंदोलन स्वर्णिम भारत का निर्माण करेगा

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 13 अक्टूबर।** गोहद नगर के शासकीय महर्षि अरविंद महाविद्यालय मैं पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय जयंती के पावन उपलक्ष में चलाए जा रहे स्वदेशी स्वावलंबन अभियान पखवाड़े के तहत स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से जन-जन में आर्थिक संपन्नता लाने के उद्देश्य से युवाओं को स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान से जोड़े जाने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

इसी क्रम में जन अभियान परिषद द्वारा पंडित दीनदयाल जी



उपाध्याय की जयंती के पावन उपलक्ष में स्वदेशी स्वावलंबन पखवाड़े का आयोजन किया गया और स्वदेशी स्वावलंबन अभियान पखवाड़े की पूर्णता के अवसर पर शासकीय महर्षि अरविंद महाविद्यालय गोहद के सभागार मैं आयोजित भव्य कार्यशाला हुई।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मुरैना विभाग के सामाजिक समरसता संयोजक और मध्य भारत प्रांत के धर्माचार्य आयाम प्रमुख आचार्य बृजमोहन शर्मा स्वदेशी स्वावलंबन अभियान पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बृजेंद्र शर्मा मैं अभियान परिषद के माध्यम से चलाए जा रहे हैं।

नगर गोहद के अनु विभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र गौतम द्वारा मुख्य अतिथि की आसंदी पर से अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वदेशी स्वावलंबन राष्ट्र प्रेम राष्ट्र गौरव और समाज में समन्वय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विभिन्न प्रशिक्षक समितियां के अध्यक्ष सचिव गोहद नगर के विभिन्न समाजसेवी गिर्राज तोमर रामावतार गौर छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 अक्टूबर।** कलेक्टर भिंड के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत परियोजना गोरमी में एक खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना, परियोजना अधिकारी प्रभा शर्मा, तथा दीपेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना ने उपस्थित प्रतिभागियों को गर्भधारण पूर्व एवं प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम का प्रमुख उद्देश्य गर्भधारण से पहले या प्रसव पूर्व अवस्था में भ्रूण के लिंग की पहचान कर गर्भपात कराने जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगाना है। उन्होंने कहा कि यह कानून लिंग भेदभाव समाप्त करने की दिशा में एक सशक्त कानूनी कदम है और इसका उल्लंघन करने वालों को कठोर दंड एवं जुर्माने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं और समुदाय में बालिकाओं के प्रति सम्मान एवं समानता की भावना उत्पन्न करें। परियोजना अधिकारी प्रभा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा, पोषण, और सुरक्षा तक की जिम्मेदारी समाज की सामूहिक है। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग लगातार प्रयासरत है कि कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित न रहे।

# दीपावली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 अक्टूबर।** दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है।

अटेर एसडीओपी रविंद्र वास्कले ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने विशेष सुरक्षा योजना तैयार की है। जिले के प्रमुख बाजारों, बस स्टैंडों, मंदिरों



एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसडीओपी वास्कले ने बताया कि दीपावली पर्व पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत गश्त करने और संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भीड़भाड़ वाले बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस पॉइंट निर्धारित किए गए हैं। यातायात पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी वाहन मुख्य मार्ग पर अनावश्यक रूप से खड़ा न रहे तथा फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस सेवाएं हर समय अलर्ट मोड पर रहें। एसडीओपी ने नागरिकों से अपील की कि वे त्यौहार के दौरान शांति, सौहार्द और अनुशासन बनाए रखें, आतिशबाज़ी सुरक्षित स्थानों पर करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# वीआरजी कॉलेज में अहिल्याबाई पर हुआ वेबीनार

**ग्वालियर, 13 अक्टूबर।** विजयाराजे शासकीय कन्या महाविद्यालय (वीआरजी) मुरार में नारी नेतृत्व और लोककल्याण की आदर्श दृष्टि- पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर विषय पर एक राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया। शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. ज्योति उपाध्याय ने मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद स्मारिका का विमोचन किया। जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं शोधार्थियों के लगभग 50 शोधसार का प्रकाशन किया। मीडिया प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक डॉ. साधना तोमर ने रखी। मुख्य वक्ता बनारस विवि वाराणसी के प्रो. आरएन त्रिपाठी ने लोकमाता देवी अहिल्या बाई की धर्म निरपेक्षता, कर्तव्य निष्ठा, गरीबों के प्रति सहिष्णुता एवं दुश्मनों से युद्ध क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये पराक्रम के बारे में सारगर्भित जानकारी दी। पीएमश्री हमीदिया महाविद्यालय भोपाल की विभागाध्यक्ष डॉ. अल्पना त्रिवेदी ने देवी अहिल्या बाई की न्याय व्यवस्था, जल संरक्षण व्यवस्था, मंदिरों का पुर्ननिर्माण, मछली पालन, सनातन संस्कृति और उनके सुशासन व लोक जीवन में प्रचलित विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से प्रकाश डाला।

# सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतोषजनक निराकरण करें : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 अक्टूबर।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिंड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड सुनील दुबे, अपर कलेक्टर एलके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर विकास केमोर, डिप्टी कलेक्टर महेन्द्र सौजन्य सहित जिले के विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कई अधिकारी इस बैठक में वर्चुअल माध्यम से भी शामिल हुए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों तथा उनके निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत-प्रतिशत और संतोषजनक निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को लापरवाही से नॉन-अटेंड स्थिति में न छोड़ा जाए और



न ही पुराने प्रकरणों को बिना उचित समाधान के फोर्स-क्लोज किया जाए। कलेक्टर मीना ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है।

इसके साथ ही कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर निर्धारित समय सीमा में समाधान करें। उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों को प्रशासन से सीधा संवाद स्थापित कराना है, इसलिए इस प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनाए रखना अनिवार्य है। बैठक में कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समग्र ई-केवाईसी कार्य को प्राथमिकता से पूरा किया जाए, क्योंकि यह अनेक शासकीय योजनाओं के लाभ वितरण से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी आमजन में ई-केवाईसी के महत्व का प्रचार-प्रसार करें, ताकि पात्र हितग्राही समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे कार्यालयीन कार्यों में पारंपरिक प्रक्रिया के स्थान पर ई-ऑफिस प्रणाली का अधिकतम उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली न केवल समय की बचत करती है, बल्कि कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित करती है।